Title:Need to complete the Power projects; Dams and irrigation projects as early as possible.

श्रीमती कैलाशो देवी (कुरूक्षेत्र) : अध्यक्ष महोदय, भारत की ८० प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर करती है, लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि देश की ५२ वर्ष की आजादी के बाद भी हमारे देश में कृषि सैक्टर को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकी हैं। अध्यक्ष महोदय, बिजली, पानी, कीटनाशक दवाओं..

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Madam, please understand that under Rule 193, we have discussed the farmers"" issue at length in the House.

श्रीमती कैलाशो देवी : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत महत्वपूर्ण सवाल सदन में उठा रही हूं। हमारे देश में बिजली पैदा करने के साधन और पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और यदि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ इनका सही समय पर दोहन कर लिया जाए, तो भारत का किसान न केवल भारत की जनता का पेट भर सकता अपितु पूरे विश्व को खिलाने की क्षमता रखता है, लेकिन बड़े-बड़े थर्मल प्लांट और बड़ी-बड़ी बांध परियोजनाएं लंबित पड़ी हैं और पंचवर्षीय योजनाएं ५० वर्षीय योजनाएं बनती जा रही हैं जिसके कारण किसानों को उनकी मूलभूत जरूरतें को प्राप्त करने में विलंब हो रहा है। यदि इनका निर्माण सही समय पर कर दिया जाए, तो देश से गरीबी और बेकारी उन्मूलन किया जा सकेगा। इससे किसानों को बिजली पानी मिलेगा उनका उत्पादन बढ़ेगा। उत्पादन बढ़ने से उनकी क्रयशक्ति बढ़ेगी और उनकी परचेजिंग पॉवर बढ़ने से उद्योगों में तैयार माल वे ज्यादा खरीद सकेंगे जिससे हमारे उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय, से लंबित पड़े बड़े-बड़े थर्मल पावर प्रोजैक्ट और बांधों की परियोजनाओं को समय पर और शीघ्र पूरा करने का पुरजोर अनुरोध करती हूं जिससे किसानों को तबाह होने से बचाया जाए।